बिहार के क्रिकेटर सकीबुल गनी ने रणजी डेब्यू में ट्रिपल सेंचुरी लगाते हुए बनाया रिकॉर्ड

चर्चा में क्यों?

18 फरवरी, 2022 को कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के मैदान में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच में पूर्वी चंपारण के सकीबुल गनी ने अपने डेब्यू मैच में ही तिहरा शतक लगाते हुए इतिहास रच दिया।

प्रमुख बिंदु

- सकीबुल गनी ने बिहार टीम की ओर से मिज़ोरम के खिलाफ खेलते हुए 405 गेंद में 341 रन (56×4 व 2×6) की शानदार पारी खेली।
- इनकी शानदार पारी की बदौलत बिहार ने प्रथम पाली में 148.5 ओवर में 609 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। रणजी ट्रॉफी के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी बल्लेबाज़ ने तिहरा शतक लगाया हो। साथ ही, रणजी ट्रॉफी के डेब्यू मैच में सबसे बड़ा स्कोर का राष्ट्रीय कीर्तिमान भी सकीबुल गनी ने अपने नाम कर लिया।
- इसके पहले यह कीर्तिमान मध्य प्रदेश के बल्लेबाज़ अजय रोहेड़ा के नाम था। अजय ने 2018 में अपने डेब्यू मैच में हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 267 रन बनाए थे।
- 22 वर्षीय सकीबुल गनी मोतिहारी शहर के मोहल्ला अगरवा के निवासी हैं। इनके पिता मो.मन्नान गनी हैं। इन्होंने विगत दो-तीन सत्र से बीसीसीआई के द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धाओं में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। इन्होंने वर्ष 2015 में अंडर-14, 2016-17 में अंडर-19 तथा 2017 व 18 में बिहार अंडर-23 के अलावा 2019 व 2021 के विजय हज़ारे सीनियर ट्रॉफी, 2020 में चेन्नई और 2021 में दिल्ली में आयोजित मुश्ताक अली (20-20) व विजय हज़ारे (50-50) ट्रॉफी में भी बेहतर प्रदर्शन किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/skibul-gani